• व्याकरण– भाषा के शुद्ध रूप और प्रयोग का बोध।

## स्वमूल्यांकन

पाठ-1

## विषयनिष्ठ प्रश्न भाषा, बोली, लिपि और व्याकर

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें–

(क) भाषा किसे कहते हैं और इसके कितने भेद होते हैं?

(ख) मौखिक भाषा और लिखित भाषा में क्या अंतर होता है?

(ग) सांकेतिक भाषा को हिंदी साहित्य में स्थान क्यों नहीं दिया गया है?

(घ) लिपि किसे कहते हैं? किन्हीं चार भाषाओं की लिपियों के नाम लिखें।

(ङ) व्याकरण किसे कहते हैं?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें–

(क) भारतीय संविधान में 22 भाषाओं को मान्यता दी गई है।

(ख) 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

(ग) भाषा के दो रूप होते हैं मौखिक तथा लिखित।

(घ) कहने-सुनने और लिखने-पढ़ने का साधन भाषा है।

(ङ) संविधान ने हिंदी को राष्ट्रभाषा का दरज़ा दिया है।

3. निम्नलिखित वाक्यों में सही के सामने (✓) तथा गलत के सामने (×) का निशान लगाएँ–

(क) साहित्य के दो भेद होते हैं– गद्य साहित्य और पद्य साहित्य। ✓

(ख) हिंदी और संस्कृत भाषा की लिपि उर्दू है। ×

(ग) भाषा को लिखने का तरीका लिपि कहलाता है। ✓

(घ) गुजराती भाषा रोमन लिपि में लिखी जाती है।

(ङ) भाषा के सही नियमों का ज्ञान कराने वाला शास्त्र व्याकरण कहलाता है।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प के आगे सही (✓) का निशान लगाएँ–

(क) हिंदी को राजभाषा का दर्जा कब मिला?

(अ) 14 सितंबर, 1947 ☐ (ब) 14 सितंबर, 1949

(स) 14 सितंबर, 1950 ☐ (द) 14 सितंबर, 1957

(ख) घर-परिवार में रहकर सीखी जाने वाली भाषा कहलाती है–

(अ) राजभाषा ☐ (ब) जनभाषा

(स) मातृभाषा ☐ (द) सुभाषा

(ग) राजभाषा का अर्थ है–

(अ) सरकारी भाषा ☐ (ब) मातृभाषा

(स) मानक भाषा ☐ (द) ब्रजभाषा

(घ) फ्रेंच और पोलिश भाषा की लिपि कौन-सी है?

(अ) देवनागरी ☐ (ब) गुरुमुखी

(स) फ़ारसी ☐ (द) रोमन

(ङ) देवनागरी लिपि का विकास किससे हुआ है?

(अ) ब्राह्मी लिपि ☐ (ब) प्राचीन लिपि

(स) नवीन लिपि ☐ (द) वैज्ञानिक लिपि

5. मिलान करें–

| राज्य | भाषा |
|---|---|
| (क) कर्नाटक | मराठी (ग) |
| (ख) उड़ीसा | कन्नड़ (क) |
| (ग) महाराष्ट्र | उड़िया (ख) |
| (घ) तमिलनाडु | मलयालम (ङ) |
| (ङ) केरल | तमिल (घ) |